निबंधन एवं शर्तें
वरिष्ठ परामर्शदाता - नवजात स्वास्थ्य (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग: उपायुक्त, बाल स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिकाएं और जिम्मेदारियां: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों के संबंध में नवजात स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यकलाप (संस्थागत स्तर और सामुदायिक स्तर) के कार्यान्वयन में बाल स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना:

1. संस्थागत नवजात देखभाल कार्यक्रम (एसएनसीयू, एनबीएसयू, और एनबीसीसी) और गृह आधारित नवजात देखभाल कार्यक्रम (एचबीवाईसी / एचबीएनसी) को सुदृढ़ करने और कार्यान्वयन के लिए विषयगत क्षेत्रों को तकनीकी सहायता और कार्यक्रम संबंधी सहायता प्रदान करना।
2. राज्यों द्वारा साझा की गई तिमाही / मासिक रिपोर्टों का संकलन करना और राष्ट्रीय रिपोर्ट तैयार करना।
3. राज्य पीआईपी के मूल्यांकन में सहयोग करना।
4. योजना, कार्यान्वियन और मध्यावधि सुधारों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना, संस्था केंद्रों पर नवजात स्वास्थ्य देखभाल में सुधार करना और घर पर प्रसव देखभाल सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधा केंद्र पर बाल चिकित्सा प्रदान करना।
    - जिलों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सहायता करना।
    - नवजात कोर्नर और नवजात स्थिरीकरण इकाइयों के संचालन में सहायता करना।
    - प्रोटोकॉल के अनुपालन की समीक्षा और समर्थन करना।
    - कार्यक्रम की योजना के अनुसार नियमित समीक्षा करना और जिला गतिविधियों की निगरानी करना।
    - संस्था केंद्रों और घर पर नवजात देखभाल प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करने और उसमें सुधार करने के लिए संस्था केंद्रों पर सलाह देने के लिए दौरा करना।
5. नवजात देखभाल के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण पर सरकारी कार्यकर्ताओं का क्षमता निर्माण में सहयोग करना।
6. आवश्यक नवजात देखभाल परिपाटियों में सुधार करने के लिए साधनों और कार्य सहायक उपकरणों की सलाह और समर्थन देना।
7. नवजात स्वास्थ्य पर दस्तावेजों, परिचालन और तकनीकी दिशानिर्देशों के विकास में सहायता करना।
8. तकनीकी रिपोर्टों बनाने में सहायता करना, मौजूदा दिशानिर्देशों और प्रशिक्षण पुस्तिकाओं की समीक्षा करना और राज्य / जिला स्तर पर इसका प्रसार करने में सहायता करना।
9. मृत जन्म निगरानी प्रणाली, दिशानिर्देश आदि के विकास में सहायता करना।
10. बाल स्वास्थ्य अवसंरचना के अंदर पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

अर्हताएं:

1. एमबीबीएस/ बीडीएस/ बीएचएमएस/ बीएएमएस के साथ एमडी/ एमपीएच/ एमएचए/ स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए।
2. सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम से कम 5+ वर्ष का अनुभव, जिसमें राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सरकार के आरसीएच कार्यक्रम में 2-3 वर्ष का अनुभव हो। राष्ट्रीय / राज्य स्तर पर एनएचएम के साथ काम करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख हितधारकों और प्रासंगिक सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी हो।
4. उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्षता प्राप्त हो।
5. बहु-विषयक दल माहौल में काम करने की क्षमता प्रदर्शित की हो।
6. क्षेत्रीय स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रम को लागू करने में अनुभव।
7. प्रासंगिक डेटा और दस्तावेजों को खोजने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से प्रयुक्त पैकेजों के साथ उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर दक्षता।
8. तय समय-सीमा के अंदर विभिन्न कार्यों का निपटाने की क्षमता।
9. कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने और विभिन्न कार्यों को एक साथ करने की क्षमता सहित राज्यों और जिलों की यात्रा करने के □□□□□□ हों।
10. उच्च गुणवत्ता वाला कार्य प्रकाशित होने पर या जब विशिष्ट संगत कार्य का अनुभव हो तो औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयु: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 55 वर्ष तक और अत्यधिक दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/- रुपए से 1,30,000/- रुपये के बीच।

स्थान : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के दौरे करने की इ□□□□ सहित।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 12 जुलाई, 2018 तक rch.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।